Shibli National College, Azamgarh
शिब्ली नेशनल कालेज, आज़मगढ़
شبلی نیشنل کالج اعظم گڈھ
(A Minority Institution)
: shiblipgcollege@gmail.com
: shiblipgcollege2023@gmail.com
: www.shiblicollege.ac.in
: Paharpur, Azamgarh 276001
Uttar Pradesh, India

Ref. 3514

Date : 04-11-2026

सेवा में,

कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक महोदय,
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़
आज़मगढ़।

विषय: पंचम सेमेस्टर के छात्र/ छात्राओं की परीक्षा फॉर्म सम्बन्धी समस्यायों के निराकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि पंचम सेमेस्टर के ऐसे छात्र / छात्रायें जो प्रथम वर्ष में (सेमेस्टर-I व II में) किसी विषय/प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हैं, जिसके कारण वे विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर पंचम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म भरने में असमर्थ हैं। ऐसे विद्यार्थियों द्वारा अधोहस्ताक्षरी को इस सम्बन्ध में एक प्रार्थना-पत्र भी दिया गया है (*संलग्न*)।

अतः छात्रहित को ध्यान में रखते हुए आपसे आग्रह है कि इस सम्बन्ध में यथावश्यक निर्णय लेते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। धन्यवाद।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय

(प्रोफ़ेसर अफ़सर अली)
प्राचार्य

PRINCIPAL
SHIBLI NATIONAL COLLEGE
AZAMGARH
4-11-2026